कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

शमीम अहमद पुत्र मोहम्मद अकबर , सदर चौक, नागौरी मोहल्ला, दौसा जिला दौसा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी)दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 04/2020

निर्णय

दिनांक : 05.03.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी)दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल समय सीमा में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी)दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांक डी0एम0/कोर्ट/2020/563 दिनांक 14.02.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित उनके पत्रांक पीए/एफ–42/आरटीआई/2020/4844 दिनांक 28.2.2020 द्वारा अवगत करवाया गया कि प्रार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना चाही गई थी। जिसके परिपेक्ष्य में उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक पीए/एफ–42/आरटीआई/2020/4541 दिनांक 21.1.2020 द्वारा प्रार्थी को अवगत कराया गया कि आप द्वारा चाही गई सूचना अस्पष्ट है तथा इस कार्यालय में कार्यालय समय में उपस्थित होकर चाही गई सूचना के सम्बन्ध में स्पष्ट अवगत करवाने हेतु लिखा गया है। उक्त पत्रांक 4541 दिनांक 21.1.2020 की प्रति संलग्न पत्रावली है। चूँकि उक्त पत्र में अंकितानुसार आवेदक को सूचना प्राप्त करने हेतु वस्तुस्थिति के सम्बन्ध में अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official